PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, रविवार 02 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## खुशी का न रहा ठिकाना: 48 लाख से ज्यादा के 263 खोए हुए मोबाइल मिले

अलीगढ़ पुलिस के सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से एक बड़ा अभियान चलाते हुए विभन्नि कंपनियों के कुल 263 खोए हुए मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए। इन सभी बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित बाजार कीमत 48 लाख 70 हजार 386 रुपये आंकी गई है।मोबाइल खो जाना आज के दौर में सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के गुम होने भर का नुकसान नहीं है, बल्कि उसमें हमारी यादें, जरूरी दस्तावेज, बैंक डिटेल्स और अनमोल डेटा भी होता है। जब किसी का फोन खो जाता है, तो ऐसा लगता है जैसे दुनिया से संपर्क कट गया हो। लेकिन अलीगढ़ के लोगों के लिए 1 अगस्त का दिन बेहद राहत भरा और खुशी लेकर आया। पुलिस के सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से एक बड़ा अभियान चलाते हुए विभन्नि कंपनियों के कुल 263 खोए हुए मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए। इन सभी बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित बाजार कीमत 48 लाख 70 हजार 386 रुपये आंकी गई है।जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि इन बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को वितरित किया गया, तो लोगों के चेहरों



पर खुशी साफ झलक रही थी। महीनों पहले खो चुके महंगे स्मार्टफोन अचानक वापस मिल जाने की उम्मीद शायद ही किसी को थी। फोन हाथ में आते ही लोगों के चेहरे खिल उठे।इस दौरान एसएसपी ने आमजन को सीईआईआर पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी नागरिक का मोबाइल फोन खो या गुम जाता है, तो उसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। नागरिक तुरंत सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अपने खोए हुए मोबाइल को ब्लॉक करवा सकते हैं। फोन ब्लॉक होने के बाद उसका कोई भी गलत इस्तेमाल नहीं कर सकता है, और पुलिस के लिए इसे ट्रैक करना आसान हो जाता है।अलीगढ़ पुलिस के सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से एक बड़ा अभियान चलाते हुए विभन्नि कंपनियों के कुल 263 खोए हुए मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए। इन सभी बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित बाजार कीमत 48 लाख 70 हजार 386 रुपये आंकी गई है।

## अलीगढ़: थाना पालीमुकीमपुर पुलिस ने गैस गोदाम चोरी का किया खुलासा,चार शातिर गिरफ्तार




वादी श्री मौहम्मद आमिर पुत्र मौ0 शरीफ निवासी निचान कस्सावान कस्वा व थाना अतरौली जनपद अलीगढ दिनाक 18.07.2026 को थाना हाजा पर आकर दी कि दिनाक 17/18.07.2026 की रात्रि अज्ञात चोरो द्वारा उसके एचपी गैस गोदाम ग्राम विशनपुर वाहनपुर मे अज्ञात चोरो द्वारा नकब लगाकर गैस सिलेण्डर चोरी करने के सम्बन्ध मे प्रा0 पत्र दिया । प्रा0 पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 257/26 धारा 305/331(4) बीएनएस बनाम पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना मुझ प्रभारी निरीक्षक स्वय ग्रहण की गयी । श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद अलीगढ़ के आदेशानुसार तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी छर्रा महोदय के कुशल नेतृत्व मे घटना का सफल अनावरण हेतु थाना स्तर पर तथा स्वाट टीम गठन किया गया । घटना का सफल अनावरण कर अभि0गण 1. सौरव नागर पुत्र स्व0 बबलू नागर नि0 ग्राम दुजाना थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर 2. अंकित कुमार पुत्र कमलेश श्रीवास्तव नि0 प्रगति नगर मौहल्लिया थाना कोतवाली हरदोई 3. गोपी सिंह पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम भुईहरा थाना मोहम्दी जनपद लखीमपुर खीरी हाल निवासी बांकेबिहारी कौलोनी छपरोला थाना छपरोला जनपद गौतमबुद्धनगर 4. सन्तोष साहु पुत्र स्व राजेन्द्र साहु नि0 बिलौचा थाना नकनौर जिला मधुबनी (बिहार ) हाल निवासी सम्राट चौक थाना विजय नगर जिला गाजियाबाद को सिंधौली बम्बे के पास से दिनाक 31.07.2026 को समय करीब 23.55 बजे गिरफ्तार किया गया । दौराने गिरफ्तारी उक्त घटना मे प्रयुक्त वाहन पीकअप मेक्स व 02 मोटरसाइकिल तथा चोरी गये 15 सिलेण्डर एलपीजी तथा सिलेण्डर को बेचकर कुल 30000 रुपये बरामद हुए । अभियुक्तगणो को मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

## छात्र के पास मिले कागज पर लिखा बम बनाने का तरीका

अयोध्या में मेडिकल कॉलेज परिसर में बलरामपुर निवासी पैरामेडिकल छात्र के पास बम बनाने की विधि से संबंधित हस्तलिखित परची मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, छात्र के मोबाइल फोन में बम बनाने और ब्लास्ट करने संबंधी इंस्टाग्राम की तमाम रील मिली हैं। यही नहीं इंटरनेट सर्च हिस्ट्री में भी इससे जुड़ी चीजें, यहां तक कि विस्फोट करने के तरीके भी खोजे गए। जांच एजेंसी टेरर एंगल पर तफ्तीश कर रही है। मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि छात्र ने यह जानकारी केवल इंटरनेट पर खोजी थी या इसके पीछे किसी बड़ी साजिश अथवा संगठित नेटवर्क से जुड़ाव तो नहीं है। फोरेंसिक जांच के लिए मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों का परीक्षण कराया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि संदिग्ध सामग्री किस स्रोत से प्राप्त की गई और उसका उद्देश्य क्या था।

सुरक्षा एजेंसियों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में छात्र की गतिविधियों के साथ साथ उसके संपर्क में रहे लोगों की जानकारी भी जुटानी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामला जांच केप्रारंभिक चरण में है। डिजिटल साक्ष्यों, फोरेंसिक रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर कार्रवाई की आतंकी शहजाद भट्टी के संपर्क या उसके प्रचार से प्रभावित तो नहीं हुआ था।हालांकि, फिलहाल इस संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अधिकारी यह भी पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि छात्र के तार किसी संगठित आतंकी मॉड्यूल या ऑनलाइन कट्टरपंथी नेटवर्क से जुड़े थे या नहीं। पैरामेडिकल छात्र के पास बम बनाने की विधि से संबंधित परची मिलने के बाद जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। छात्र के मोबाइल और लैपटॉप से भी इस बाबत अहम जानकारी मिल सकती है। वहीं, खुफिया एजेंसियां छात्र और उसके परिजनों की कुंडली भी खंगाल रही हैं। बम बनाने की विधि की परची मिलने के बाद कई खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं।




एजेंसियां यह जानने में जुटी हैं कि परची में लिखी सामग्री महज फिल्म से देखकर लिखी गई थी या छात्र इसके बारे में पहले से भी जानकारी जुटा रहा था। इसका खुलासा उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप भी हो सकता है। इनके जरिये छात्र की डिजिटल गतिविधियों की पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा उसके संपर्क और बातचीत से जुड़ी - गतिविधियां भी जांच के दायरे में हैं। छात्र ने पूछताछ में बताया है कि वह दो-तीन अन्य छात्रों के साथ फिल्म देख रहा था। फिल्म में बम बनाने की विधि बताए जाने के दौरान उसने उसे कागज पर लिख लिया। पुलिस अब इसकी जांच में जुटी है। अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज परिसर में एक्सरे टेक्नीशियन के एक छात्र के पास बम बनाने की विधि से जुड़ी हस्तलिखित पर्ची मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। पुलिस ने छात्र को हिरासत में लेकर उसका मोबाइल, लैपटॉप जब्त किया है। उसके किराये के कमरे को सील कर दिया गया है। हालांकि, शुरुआती जांच में उसके किसी संदिग्ध संगठन या गतिविधि से जुड़े होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। बलरामपुर जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के पुरैनिया तालाब निवासी 26 वर्षीय छात्र ने अक्तूबर 2025 में मेडिकल कॉलेज में एक्सरे टेक्नीशियन कोर्स में प्रवेश लिया था।

## दिल्ली में रुक-रुककर रिमझिम

### बरसते रहेंगे बदरा, पढ़ें IMD का ताजा अपडेट



दिल्ली में आठ अगस्त तक बादलों की आवाजाही और रुक-रुक कर बारिश का दौर रहेगा। ऐसे में लोगों को उमस भरी गर्मी भी परेशान करेगी। मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को बादल छाए रहने और सुबह से दोपहर के बीच कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। रात के समय भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना है। रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस, जबकि सोमवार को इसके 33 से 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने की संभावना जताई है।मौसम विभाग ने चार से सात अगस्त के दौरान दिल्ली में बादल छाए रहने और सुबह से दोपहर के बीच कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं, चार से सात अगस्त के दौरान शाम या रात के समय कई जगहों पर फिर से हल्की बारिश हो सकती है। चार और और अगस्त को दिल्ली में अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस जबकि 6 और 7 अगस्त को 30 से 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने की संभावना जताई है।मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और आस-पास के इलाकों में वेल-मार्ड लो प्रेशर एरिया बना है। इससे साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी जुड़ा है। इसके अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण राजस्थान से होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और कमजोर होकर लो प्रेशर एरिया में बदलने की संभावना है। वहीं, मानसून ट्रफ अब जैसलमेर, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और आस-पास के इलाकों से होकर मणिपुर तक जा रही है। यही नहीं, एक ट्रफ दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से उत्तर-पूर्व बिहार तक जा रही है। साथ ही, हिमाचल प्रदेश और आस-पास के इलाकों में एक पश्चिमी विक्षोभ भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय है।शनिवार को दिनभर आसमान में सूर्यदेव ने अपने तेवर दिखाए। मानसून के सक्रिय होने की उम्मीद के बीच दिल्लीवासियों को बारिश का इंतजार रहा, लेकिन गर्मी ने लोगों की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हालांकि, बीच-बीच में सूरज व बादल के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा। इस दौरान उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। इसके अलावा, सफदरजंग मानक केंद्र, पालम, लोधी रोड और रिज में बारिश ट्रेस की गई। ऐसे में अधिकतम 35 और न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री दर्ज हुआ। इसके अलावा, अधिकतम 85 और न्यूनतम आर्द्रता 62 फीसदी दर्ज की गई।मौसम विभाग ने चार से सात अगस्त के दौरान दिल्ली में बादल छाए रहने और सुबह से दोपहर के बीच कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

## अलीगढ़ में जेबकतरों के चंगुल से मासूम को छुड़ाया




आरोपी दंपती ममता और शिवा इस तरह घूम रहे थे जैसे किसी मरीज का बेड तलाश रहे हों। इसी दौरान, शिवा ने एक तीमारदार के कुर्ते की जेब में रखे पर्स को ऊपर खिसकाया और दूसरे हाथ से उसे निकालने की कोशिश की। एएमयू के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में शनिवार को जेब कतरने के आरोप में एक दंपती को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक आठ साल के मासूम का अपहरण कर उसे नशा देते थे और फिर उससे जेब कटवाते थे। पूछताछ में बच्चे ने खुद को गाजियाबाद के डासना गढ़ी मोहल्ले का रहने वाला बताया।

1 अगस्त को जेएन मेडिकल कॉलेज परिसर में हरदुआगंज के मोहल्ला गुड़ियाई के रहने वाले आरोपी दंपती ममता और शिवा इस तरह घूम रहे थे जैसे किसी मरीज का बेड तलाश रहे हों। इसी दौरान, शिवा ने एक तीमारदार के कुर्ते की जेब में रखे पर्स को ऊपर खिसकाया और दूसरे हाथ से उसे निकालने की कोशिश की। पीड़ित के शोर मचाने पर सुरक्षा कर्मियों ने दबोच लिया।प्रॉक्टर प्रो. नवेद खान ने अपहरण, बाल शोषण और मानव तस्करी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। सीओ तृतीय सर्वम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराकर उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

# स्टेडियम से कहां गया राष्ट्रीय खिलाड़ी




आगरा के एकलव्य स्टेडियम के हॉस्टल से शुक्रवार की सुबह से लापता राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी का शनिवार को भी सुराग नहीं मिला है। पिता को हॉस्टल की छत पर खून के निशान मिले। उनकी मांग पर फोरेंसिक टीम ने जांच कर सैंपल लिए। वहीं पुलिस का खोजी श्वान कमरे से छत और फिर पास ही नाले के पास झाड़ियों तक जाकर लौट आया। पिता ने अनहोनी की आशंका जताई है। स्टेडियम के अधिकारी और कर्मचारी समेत चार के खिलाफ तहरीर दी है। बेटे को जातिगत टिप्पणी कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।शाहगंज के नगला छउआ निवासी वंश सिंह स्टेडियम के छात्रावास में रहकर टेबल टेनिस का प्रशिक्षण ले रहे थे। वह अंडर-17 वर्ग में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं और कई पुरस्कार भी जीते हैं। उनका छोटा भाई ध्रुव भी राष्ट्रीय खिलाड़ी है। पिता शैलेश सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर को मंडलीय क्रीड़ा अधिकारी संजय शर्मा का कॉल आया। उन्होंने बेटे वंश के विवाद करने की कहकर उसे हॉस्टल से ले जाने को कहा। उन्होंने खुद के फैक्टरी में ड्यूटी पर होने की जानकारी दी। इसके बाद अपने दूसरे बेटे को स्टेडियम भेजा। दूसरा बेटा जब वंश को लेने हॉस्टल पहुंचा तो वहां वंश वार्डन के कार्यालय के बाहर मिला। उसके हाथ में मोबाइल, कंधे पर बैग और दूसरे हाथ में ब्रीफकेस था। भाई को ले जाने की पूछने पर मंडलीय क्रीड़ा अधिकारी ने लेटर नहीं तैयार होने की बात कहकर अगले दिन आने को कहा। अगले दिन सुबह 9 बजे वार्डन राजेश यादव का कॉल आया। उन्होंने बताया कि वंश कहीं मिल नहीं रहा है। इस पर पिता ने बेटे के स्कूल में कॉल कर जानकारी ली तो बेटा वहां भी नहीं था। वह स्टेडियम पहुंचे तो बेटे का मोबाइल वार्डन के पास था। उसका सारा सामान भी वहीं मिला।पिता शैलेश सिंह का आरोप है कि स्टेडियम के अधिकारी, कर्मचारी और दो अन्य कोच बेटे को जातिगत टिप्पणी करके प्रताड़ित करते थे। कई बार सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। शनिवार को जब वह हॉस्टल पहुंचे तो वहां छत पर और पास के पेड़ों के ऊपर उन्हें खून लगा दिखा। उन्होंने पुलिस से जांच की मांग की। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य जुटाए। खून का सैंपल लिया। वहीं खोजी श्वान वंश के कमरे से छत और फिर पास ही नाले के किनारे झाड़ियों तक जाकर लौट आया। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए नाले की सफाई करवाकर देखने की मांग की है।वंश के लापता होने के बाद से पूरा परिवार परेशान है। पिता ने बताया कि दिनभर रिश्तेदार और परिचितों की भीड़ लगी है। सबको जवाब देते-देते परिवार के सदस्य परेशान हो गए हैं। शनिवार को वंश के परिवार की महिलाएं और बच्चे हॉस्टल पहुंच गए। कहा कि हमें वंश से मिला दो। वहां पुलिसकर्मियों से उनकी तकरार हो गई। यह खेल का मैदान है, यहां कोई जाति नहीं होती है। सभी सिर्फ खिलाड़ी होते हैं। एक साथ खेलते और एक साथ खाते व रहते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। -संजय शर्मा, मंडलीय क्रीड़ा अधिकारी


# डकैती-लूट में अर्धशतक लगा चुके बदमाश भी शामिल थे




फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के जरिए ऐसे 284 लोगों की पहचान की गई है, जिनके खिलाफ डकैती, लूट समेत विभिन्न संगीन धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में डकैती और लूट जैसे संगीन अपराधों में करीब अर्धशतक लगा चुके बदमाश भी शामिल थे। फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के जरिए ऐसे 284 लोगों की पहचान की गई है, जिनके खिलाफ डकैती, लूट समेत विभिन्न संगीन धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी तरफ सरकार के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने जोर-शोर से जांच शुरू कर दी है और पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी जांच कर रहे हैं। इससे एफआईआर वापस लेने में पेच फंसता नजर आ रहा है। पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार जहांगीरपुरी निवासी शेख रियाज के खिलाफ 49 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं बाहरी दिल्ली के कैर गांव निवासी मुकेश उर्फ लाखन पर 41, राणा प्रताप बाग निवासी रासिद पर 36, उत्तम नगर निवासी विकास कुमार उर्फ नेता पर 28, कल्याणपुरी निवासी फिरोज उर्फ राफत तथा भजनपुरा निवासी सलमान पर 27-27 मामले दर्ज बताए गए हैं।इसके अलावा मंगोलपुरी निवासी प्रमोद उर्फ मोटा पर 26 सदर बाजार निवासी रोनित उर्फ नॉडी उर्फ रोहित ,और सुल्तानपुरी निवासी शिवपाल सिंह यादव उर्फ विकास पर 23-23, भजनपुरा निवासी मुकेश कुमार पर 22, रघुवीर नगर निवासी विजय उर्फ राजेश उर्फ खच्चर पर 18 तथा कल्याणपुरी निवासी नकुल और बाली उर्फ विकास पर 16-16 मामले दर्ज होने की बात कही गई है।हत्या से जुड़े 101 और हत्या के प्रयास के 62 आरोपियों की पहचान हुई है। मुंडका निवासी विकास उर्फ पीके पर 21, लारेंस रोड निवासी भोला उर्फ श्याम कुमार पर 16, कल्याणपुरी निवासी अनुज उर्फ अन्ना पर 13 तथा रोहिणी निवासी वीरेंद्र उर्फ काला, मांडी देहात निवासी रविंद्र उर्फ अर्जुन और मिताऊ गांव निवासी विनोद उर्फ डन्नी पर 12-12 मामले दर्ज हैं। सीजेपी प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अब तक राज्य की ओर से 13 सहित 21 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। अधिकांश एफआईआर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज होने के कारण पुलिस प्रत्येक संदिग्ध की पहचान, उसकी मौजूदगी और भूमिका का अलग- अलग सत्यापन कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि रिकॉर्ड और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ के बाद ही कि सी व्यक्ति को जांच से मुक्त किया जाएगा या उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नीलगाय से टकराई सपा विधायक इंद्राणी वर्मा की कार





बहराइच में सपा विधायक इंद्राणी वर्मा की कार नीलगाय से टकरा गई। गनीमत रही कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। लखनऊ जाते समय रास्ते में यह हादसा हुआ। आगे पढ़ें पूरी खबर...यूपी के बहराइच में रविवार सुबह सपा विधायक इंद्राणी वर्मा की कार नीलगाय से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि विधायक समेत वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। कुछ लोगों को हल्की चोटें आने की बात कही जा रही है।हादसा कैसरगंज क्षेत्र में बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर हुआ। श्रावस्ती के भिनगा विधानसभा सीट से सपा विधायक इंद्राणी वर्मा सुबह कार से लखनऊ जा रही थीं। रास्ते में अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। चालक के वाहन नियंत्रित करने से पहले कार नीलगाय से टकरा गई। हालांकि वाहन की गति अधिक न होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर एक निजी स्कूल के प्रबंधक मशकूर हबीब ने विधायक के लिए दूसरे वाहन की व्यवस्था कराई। इसके बाद वह अन्य लोगों के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गईं। विधायक इंद्राणी वर्मा ने बताया कि सड़क पर अचानक नीलगाय आने से वाहन टकरा गया था। सभी लोग सुरक्षित हैं। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# दुबई में बैठकर यूपी में आतंकी साजिश

## सरगना का प्रत्यर्पण बड़ी चुनौती; हमले के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट




दुबई में बैठकर यूपी में रेलवे को दहलाने की साजिश करने वाले सरगना के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है। अब इसका प्रत्यर्पण जांच एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। आगे पढ़ें पूरी खबर...यूपी में रेलवे सिग्नल बॉक्स में धमाका करने की साजिश रचने वाले आतंकी मॉड्यूल के सरगना का प्रत्यर्पण कराना जांच एजेंसी के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। जांच एजेंसी कागजी प्रक्रिया कर विदेश मंत्रालय को दस्तावेज भेजकर पूरी जानकारी साझा कर चुकी है, लेकिन अब तक उसमें कोई सफलता नहीं मिली है। सरगना दुबई में बैठकर सोशल मीडिया के जरिये नेटवर्क तैयार कर रहा है। एटीएस ने दो अप्रैल 2026 को आलमनगर रेलवे स्टेशन से चार संदिग्ध आतंकियों शाकिब, अरबाब, विकास और लोकेश को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने खुलासा किया था कि आरोपी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आईएसआई एजेंट के संपर्क में थे। उनके इशारे पर वह देश के अलग अलग शहरों में रेलवे सिग्नलों व सिलिंडर भरे वाहनों में विस्फोट करने वाले थे। जांच में खुलासा हुआ था इनका सरगना दुबई में बैठा मेरठ निवासी आकिब है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो चुका है। एटीएस प्रयास में है कि उसका किसी भी तरह से प्रत्यर्पण हो। इसके लिए सेंट्रल की एजेंसियों व विदेश मंत्रालय के संपर्क में जांच एजेंसी के अधिकारी हैं। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को हुए आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट जारी किया गया। सावन और कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जनपदों में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। मंदिरों और कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। कुलगाम में शुक्रवार आतंकवादियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के नाम पूछे।छत्तीसगढ़ के दो हिंदुओं को समूह से अलग करके गोली मार दी। हमले में एक मजदूर की मौके पर और दूसरे मजदूर की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अलावा सादे वस्त्रों में खुफिया एजेंसी के जवान भी तैनात किए गए है। सीसीटीवी कैमरों से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नजर रखी जा रही है।

# भारी बारिश से आफत; किमाणा गांव में देर रात आया पानी और मलबा



बारिश के दौरान गांव के ऊपरी हिस्से से भारी मात्रा में मिट्टी और मलबा बहकर बस्ती तक पहुंच गया। जिससे गाद गांव के रास्तों, खेतों और घरों के आसपास जमा होने से ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई हैं।विकासखंड के किमाणा गांव में देर रात भारी बारिश के बीच मलबा और पानी आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीण रात भर जागते रहे और पहरेदारी करते रहे। बता दें कि यहां विगत दिनों से गांव के ऊपर से मलबा व पानी आने से गांव खतरे की जद में है।उधर, पिछले दिनों हुई बारिश के दौरान गांव के ऊपरी हिस्से से भारी मात्रा में मिट्टी और मलबा बहकर बस्ती तक पहुंच गया। जिससे गाद गांव के रास्तों, खेतों और घरों के आसपास जमा होने से ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई हैं। लगातार हो रहे भूस्खलन से गांव पर खतरा मंडरा रहा है।एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि पहाड़ी से आ रहे मलबे और पानी के कारण कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है तथा कुछ गौशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि संभावित खतरे को देखते हुए प्रभावित परिवारों के लिए तिरपाल की व्यवस्था कर दी गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जा सके। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# दिल्ली के ईवी चार्जिंग स्टेशन में भीषण आग




दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में शनिवार को इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने पूरे चार्जिंग स्टेशन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां खड़ी एक इलेक्ट्रिक बस, 11 बाइकें, दो हाई-कैपेसिटी चार्जिंग यूनिट, दो पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड और एक सब-स्टेशन जलकर खाक हो गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। शुरुआती जांच में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की आशंका है। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों के पता लगाने में जुटी है।दमकल विभाग के अनुसार, सुबह करीब 8:55 बजे राधा स्वामी आश्रम गेट नंबर-2 सोनिया विहार बस अड्डे के पास स्थित फॉर्टम चार्ज एंड ड्राइव इंडिया लिमिटेड के चार्जिंग स्टेशन में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची। आग करीब 360 किलोवाट क्षमता वाले चार्जिंग पॉइंट में लगी थी, जिसने कुछ ही देर में दूसरे चार्जिंग पॉइंट को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद आग तेजी से फैली और 630 एंपियर क्षमता वाले दो पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड और 1250 केवीए के सब-स्टेशन तक पहुंच गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिजली आपूर्ति बंद कर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 10.50 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हादसे के दौरान चार्जिंग स्टेशन की पार्किंग में खड़ी एक इलेक्ट्रिक बस और 11 दोपहिया वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है।

# तिरंगे के शिल्पकार को देश का नमन



राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक और स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की जयंती पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रेखा गुप्ता, डी.के. शिवकुमार और केशव प्रसाद मौर्य समेत कई नेताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए तिरंगे को देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक बताया।'तिरंगे' को स्वरूप देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की रविवार को जयंती है। 2 अगस्त 1876 को आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में जन्मे वेंकैया को उनकी जयंती पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'भारत की आन, बान और शान 'तिरंगे' को स्वरूप देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पिंगली वेंकैया की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। आपकी दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक हमारा तिरंगा प्रत्येक भारतीय के हृदय में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना का संचार करता रहेगा।'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिंगली वेंकैया ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' को डिजाइन करने में अमूल्य योगदान दिया, जो हमारे गौरव और आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में शान से लहराता है। स्वतंत्रता संग्राम और ज्ञान की विभिन्न धाराओं के विकास में उनकी भूमिका भारतीयों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। मैं महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत के राष्ट्रीय ध्वज के डिजाइनर, पिंगली वेंकैया जी को उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका भारतीयों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट कर लिखा, 'राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के प्रतीक तिरंगे के अभिकल्पक, महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनकी अनुपम कृति ने भारत की विविधता को एक राष्ट्रभाव में बांधा। तिरंगा आज 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प, संस्कार और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है।'

# नीट विवाद के बीच चीन की गाओकाओ परीक्षा चर्चा में क्यों




भारत में नीट परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद के बीच चीन की राष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा गाओकाओ की व्यवस्था चर्चा का विषय बनी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल गाओकाओ के लिए चीन ऐसी सुरक्षा व्यवस्था अपनाता है, जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों और शिक्षकों को कई सप्ताह तक पूरी तरह बाहरी दुनिया से अलग रखा जाता है। इसका उद्देश्य केवल एक होता है कि प्रश्नपत्र किसी भी हालत में लीक न हो और परीक्षा की गोपनीयता बनी रहे।चीन की शिक्षा व्यवस्था दुनिया की सबसे प्रतिस्पर्धी प्रणालियों में गिनी जाती है। यहां विश्वविद्यालयों में प्रवेश का सबसे महत्वपूर्ण आधार राष्ट्रीय स्तर की गाओकाओ यानी राष्ट्रीय उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षा है। हर वर्ष एक करोड़ से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं। इसी परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों को देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में दाखिला मिलता है। प्रतिभागियों की बड़ी संख्या और सख्त नियमों के कारण इसे दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे कठिन स्कूली व कॉलेज प्रवेश परीक्षाओं में गिना जाता है।गाओकाओ परीक्षा के प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए चीन बेहद कड़े कदम उठाता है। प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए चुने गए विशेषज्ञों और शिक्षकों को कई सप्ताह तक एक सुरक्षित परिसर में रखा जाता है। बाहरी दुनिया से हर तरह का संपर्क पूरी तरह समाप्त कर दिया जाता है। उन्हें मोबाइल फोन, इंटरनेट और अन्य संचार साधनों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होती। इतना ही नहीं, परिसर में भोजन और अन्य सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की गतिविधियों पर भी लगातार कड़ी निगरानी रखी जाती है ताकि किसी भी स्तर पर प्रश्नपत्र की गोपनीयता प्रभावित न हो।प्रश्नपत्र तैयार होने के बाद उनकी सुरक्षित छपाई की जाती है। इसके बाद उन्हें सीलबंद पैकेटों में पैक कर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाता है। पूरे परिवहन और वितरण तंत्र पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी रखी जाती है।पुलिस सुरक्षा और बहुस्तरीय जांच व्यवस्था भी लागू रहती है। इस पूरी प्रक्रिया का मकसद यह सुनिश्चित करना होता है कि प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से पहले किसी भी तरह सार्वजनिक न हो।चीनी शिक्षा मंत्रालय के अनुसार गाओकाओ चीन की राष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा है, जिसका आयोजन हर वर्ष जून में किया जाता है। यही परीक्षा देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में दाखिले का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। भारत में नीट परीक्षा को लेकर उठे विवाद के बीच चीन की यह व्यवस्था इसलिए चर्चा में है, क्योंकि वहां प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया बेहद सख्त सुरक्षा और गोपनीयता के बीच पूरी की जाती है

# गुजरात से असम तक मानसूनी बारिश, बादल फटने से तबाही

कई राज्यों में मानसून की बारिश तबाही लेकर आई है। कश्मीर में बादल फटने की खबर है। कई घरों में मलबा भर गया है। केरल में 6 लोगों की मौत गुई है। पहाड़ी राज्यों में हाईवे बंद होने से फंसे 2,200 लोगों के लिए विशेष ट्रेन चलाई गई। केंद्र सरकार ने राज्यों को आर्थिक मदद भेजी है।मूसलाधार मानसूनी बारिश, बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनाओं से देशभर में तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य आपका राहत कोष से बाढ़ प्रभावित सात राज्यों के लिए 2,117 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं।जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के छात्रू इलाके में शुक्रवार की देर रात बादल फटने के बाद पहाड़ी से आए मलबे और पत्थरों से आबादी वाले क्षेत्र में कई दुकानों, घरों को नुकसान पहुंचा और वाहन दब गए।मलबा आने से किश्तवाड़-अनंतनाग राष्ट्रीय राजमार्ग भी कुछ देर के लिए बंद रहा। अमरनाथ यात्रा भी बंद है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने से फंसे 2,200 लोगों को तीन विशेष ट्रेनें चलाकर निकाला गया।बाढ़ से शिवसागर और चराईदेव जिलों के लोग सर्वाधिक प्रभावित, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने भूमि कर माफ करने की घोषणा की।केरल में भारी बारिश के बाद कई जगह हुए भूस्खलन में छह लोगों की मौत हो गई है और छह लोग लापता हैं। राज्य भर में 65 राहत शिविर खोले गए हैं, जिनमें 1,465 लोगों ने शरण ली



**मुस्लिम पक्ष की शिकायत पर कोर्ट ने क्या कहा?**

- दोनों जिलों में 300 यूनिट से कम बिजली खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं के जुलाई महीने के बिजली बिल भी माफ होंगे।
- टैक्स की ये माफी एक वर्ष की अवधि के लिए होगी और 1 अप्रैल से लागू होगी।
- बाढ़ से राज्य में अब तक 82 लोगों की जान गई है।
- मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से घरों की मरम्मत के लिए 15,000 रुपये की अंतरिम राहत दी जाएगी, राशि 3 से 5 अगस्त तक वितरित होगी।
- 
- जिन परिवारों के घर अभी रहने लायक नहीं, उन्हें 10 अगस्त को अतिरिक्त 10,000 रुपये दिए जाएंगे।
- क्षतिग्रस्त आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए सीएमआरएफ से 2-2.5 लाख रुपये मिलेंगे।
- शिवसागर के 55,000, चराईदेव में 20,000, जोरहाट के 7,000 और गोलाघाट में 3,000 परिवार सरकारी अनुदान के पात्र होंगे।


# अगले वीडियो में छात्राओं से माफी मांगें PM

## अभिजीत दीपके की मांग CJP के फंड-पिता की संपत्ति की जांच की मांग




कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वह अपने अगले वीडियो संदेश में 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई के लिए महिला प्रदर्शनकारियों से माफी मांगें। वहीं, गुजरात के सूरत के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने दीपके के पिता की आर्थिक स्थिति और सीजेपी के कानूनी सहायता कोष की जांच की मांग की है।दीपके ने शनिवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगला वीडियो जारी करेंगे और उसमें 20 जुलाई को हुए कथित लाठीचार्ज के लिए माफी मांगेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने छात्राओं और नाबालिग लड़कियों के साथ मारपीट की। उनका दावा है कि कुछ महिला प्रदर्शनकारियों के कपड़े तक फाड़े गए और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।यह मामला 20 जुलाई को संसद मार्च से जुड़ा है। उस दिन नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जारी अपने वीडियो संदेश में कहा था कि जो "भटके हुए बच्चों" ने उनके और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की थी, उन्हें वह माफ करना चाहते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दीपके ने सवाल उठाया था कि क्या प्रधानमंत्री केवल वीडियो संदेश में छात्रों को माफ करेंगे या उनके खिलाफ दर्ज मामलों को भी वापस लिया जाएगा।उधर, सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने चुनाव आयोग और केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों को पत्र लिखकर सीजेपी के कानूनी सहायता कोष और दीपके के परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच की मांग की है। अमित तिवारी ने कहा कि दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि उन्होंने अपने बेटे को विदेश में पढ़ाई के लिए कैसे भेजा और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग से यह भी पूछा है कि यदि सीजेपी को कानूनी सहायता के लिए एक करोड़ रुपये का फंड मिला है, तो यह जांच की जाए

# क्या सिद्धिविनायक मंदिर के दान पर भी पड़ा डाका




मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि आज के समय में मंदिर भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की दान राशि की चोरी की जा रही थी। यह बात उन्होंने अपनी पार्टी के छात्र संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने सिद्धिविनायक मंदिर में दान राशि की कथित चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी हो रही थी। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर में भी 1,400 करोड़ रुपये की कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर जवाब देने की मांग की। वहीं, सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि मामले में नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी पर अंकुश लगने के बाद मंदिर की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।राज ठाकरे ने यह भी आरोप लगाया कि अयोध्या के राम मंदिर में 1,400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी हुई है। इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सामने अपनी बात रखनी चाहिए। मनसे प्रमुख ने कहा कि आज का युवा निराश होकर मंदिरों का रुख करता है, लेकिन जब वहां भी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की खबरें सामने आती हैं तो लोगों का विश्वास डगमगा जाता है। ज ठाकरे ने यह भी आरोप रा लगाया कि अयोध्या के राम मंदिर में 1,400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी हुई है। इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सामने अपनी बात रखनी चाहिए। मनसे प्रमुख ने कहा कि आज का युवा निराश होकर मंदिरों का रुख करता है, लेकिन जब वहां भी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की खबरें सामने आती हैं तो लोगों का विश्वास डगमगा जाता है।राज ठाकरे ने कार्यक्रम के दौरान एक पत्र पढ़कर सुनाया, जिसे सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के आठ ट्रस्टियों ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखा था। ठाकरे के अनुसार, ट्रस्टियों की सतर्कता के कारण कुछ कर्मचारियों को दानपेटी से पैसे चुराते हुए पकड़ा गया। राज ठाकरे ने दावा किया कि चोरी पकड़े जाने से पहले मंदिर की साप्ताहिक दान राशि 50 लाख रुपये से भी कम रहती थी। लेकिन चोरी पर रोक लगने के बाद यही साप्ताहिक आय बढ़कर करीब 1.5 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि हर साल लगभग 18 करोड़ रुपये की दान राशि की हेराफेरी की जा रही थी। सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता सदा सरवणकर ने बताया कि इस मामले में नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आवश्यकता थी, वहां कानूनी कार्रवाई की गई है।सदा सरवणकर ने कहा कि मंदिर की दान राशि में बढ़ोतरी केवल चोरी रुकने की वजह से नहीं, बल्कि ट्रस्ट द्वारा किए गए बेहतर प्रबंधन और प्रयासों का भी परिणाम है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पहले मंदिर की वार्षिक आय 114 करोड़

# पांच रेलवे अफसर भ्रष्टाचार में संलिप्त




रेल मंत्रालय की समीक्षा समितियों ने खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार के मामलों में शामिल ग्रुप ए के अपने पांच अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त करने की सिफारिश की है। अनुशंसित अधिकारियों में भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के दो अधिकारी, भारतीय रेलवे सिविल इंजीनियरिंग सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के एक अधिकारी, उत्तर रेलवे में भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा के एक अधिकारी और पश्चिमी रेलवे में भारतीय रेलवे यातायात सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के एक अधिकारी शामिल हैं। मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि समीक्षा समितियों ने ये सिफारिशें भारतीय रेलवे स्थापना संहिता के अलग-अलग प्रावधानों के तहत जनहित में की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि समीक्षा समितियों ने तय प्रक्रिया के अनुसार अधिकारियों के सर्विस रिकॉर्ड का विस्तार से आकलन किया। सिफारिशें करने से पहले इन अधिकारियों की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट, ईमानदारी के रिकॉर्ड, सतर्कता से मिली जानकारी, अनुशासनात्मक इतिहास और सर्विस से जुड़े अन्य जरूरी रिकॉर्ड की जांच की गई। रेलवे ने कहा कि वह भ्रष्टाचार, ईमानदारी की कमी और कार्य-अक्षमता के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करता है। सा

# LPG Cylinder Price Cut: कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम ₹200 से अधिक घटे, दिल्ली-कोलकाता में नई कीमतें क्या




**LPG Cylinder Price Cut:** आज कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में ₹200 से अधिक की कटौती की गई है। दिल्ली-कोलकाता में नई कीमतों का एलान किया गया है। अन्य शहरों में भी दाम घटने की उम्मीदें हैं।वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर के दाम में आज 200 रुपये से अधिक की कटौती की गई। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि आज कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल LPG सिलिंडर की कीमत में 209 रुपये और दिल्ली में 202 रुपये की कटौती की गई है। इस बदलाव के बाद, आज से कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलिंडर की कीमत 2,872.50 रुपये होगी। कमर्शियल सिलिंडर का रेट घटने से रेस्टोरेंट, होटल और चाय की दुकान वालों को सीधा फायदा होगा। 14.2 किलो वाले घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर अब दिल्ली में अब ₹2,728 रुपये में मिलेगा। पहले इसका रेट ₹2,930 था।




## क्या घरेलू रसोई गैस के दाम भी घटेंगे?

सूत्रों के मुताबिक घरेलू LPG सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बार घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उपभोक्ताओं को पहले की ही दरों पर सिलेंडर मिलेगा। दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलिंडर 942 रुपये, कोलकाता में 968 रुपये, मुंबई में 941.50 रुपये और चेन्नई में 957.50 रुपये में मिल रहा है। इससे पहले 1 जुलाई को भी तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती की थी। इस कमी के बाद राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 2,930 रुपये हो गई थी। वहीं, कोलकाता में दाम 3,255.50 रुपये से घटकर 3,081.50 रुपये पर आ गए थे। पटना में भी 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत घटकर 3,227 रुपये हो गई थी। यह वर्ष 2026 में कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में दर्ज की गई पहली बड़ी कटौती थी।




# Gold Silver Price: खुदरा खरीद से चमका सोना, भाव 1000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

दिल्ली में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। खुदरा खरीद और मजबूत वैश्विक रुझानों ने इसमें वृद्धि की। चांदी में गिरावट दर्ज की गई। भारत में सोने की मांग 6 फीसदी घटी। देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा खरीदारों की नई खरीद से यह वृद्धि हुई है। मजबूत वैश्विक रुझानों ने भी सोने की कीमतों को सहारा दिया। पिछले सत्र में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला यह पीला धातु 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। चांदी बुधवार के 2,25,300 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 600 रुपये गिरकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। कारोबारियों ने बताया कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉक रखने वालों की बढ़ी हुई मांग से घरेलू सोने की कीमतें बढ़ीं।






एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बाद सोने में वृद्धि हुई। फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति घोषणा के बाद डॉलर में कमी आई थी। पिछले सत्र में लगभग 1 फीसदी की गिरावट के बाद डॉलर सूचकांक 101 के स्तर के आसपास बना रहा। हालांकि, रुपये की मजबूती ने घरेलू बाजार में सोने की आगे की वृद्धि को सीमित कर दिया।

## सोने की कीमतों में उछाल के क्या कारण हैं

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बाद गुरुवार को सोने में वृद्धि हुई। फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति घोषणा के बाद डॉलर में कमी आई थी। इससे कीमती धातु की मांग बढ़ गई। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सत्र में लगभग 1 फीसदी की गिरावट के बाद डॉलर सूचकांक 101 के स्तर के आसपास बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 4,071.55 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 1 फीसदी बढ़कर 58.25 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।कोटक नियो (पहले कोटक सिक्योरिटीज) में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा कि हाजिर सोना 4,060 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के करीब स्थिर है। चांदी 57.5 अमेरिकी डॉलर के करीब बनी हुई है। बाजार के भागीदार फेडरल रिजर्व की यथास्थिति को देख रहे हैं। अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दावों के आंकड़े बाद में आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कीमती धातुएं निकट अवधि में अस्थिर और सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

# देश की सबसे प्रभावशाली महिलाएं कौन हैं, किन क्षेत्रों में बनाया दबदबा और क्या कहते हैं आंकड़े




## किन क्षेत्रों की महिलाओं को जगह मिली

इस बार सूची सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित नहीं रही। इसमें बिजनेस, स्टार्टअप, खेल, पत्रकारिता, साहित्य, फैशन, सोशल मीडिया, सामाजिक बदलाव और नई अर्थव्यवस्था (एआई, ईवी, डीप टेक, क्लाइमेट टेक, क्लीन एनर्जी, हेल्थ टेक) जैसे क्षेत्रों की महिलाओं को शामिल किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता सबसे बड़ी कैटेगरी बनकर उभरी। इसमें 20 महिलाएं शामिल हैं, जिनमें 60% पैरा-एथलीट हैं। 83 वर्षीय मीना बिंद्रा भारतीय एथनिक परिधान ब्रांड बीबा (BIBA) की संस्थापक हैं। उन्होंने वर्ष 1988 में घर से छोटे स्तर पर कपड़ों का कारोबार शुरू किया था, जो आज देश के सबसे बड़े एथनिक फैशन ब्रांड्स में शामिल है। कैंडेरे हुरुन इंडिया विमेन लीडर्स लिस्ट 2026 में उन्हें भारतीय फैशन एवं लाइफस्टाइल श्रेणी में पहला स्थान मिला।उनकी कंपनी का वार्षिक राजस्व 758 करोड़ रुपये है, जो इस श्रेणी में सबसे अधिक है। 46 वर्षीय तुषारा शंकर दवा कंपनी ल्यूपिन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और सामाजिक प्रभाव से जुड़ी पहलों का नेतृत्व करती हैं।स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें सामाजिक बदलाव की अगुआ श्रेणी में पहला स्थान दिया गया।

भारत में महिलाएं अब सिर्फ परिवार की विरासत संभालने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपने दम पर कारोबार, स्टार्टअप, खेल, पत्रकारिता, साहित्य, फैशन और सामाजिक बदलाव जैसे क्षेत्रों में नई पहचान बना रही हैं। 2026 की कैंडेरे हुरुन इंडिया वुमन लीडर्स सूची के दूसरे संस्करण में पिछले साल की तुलना में अधिक महिलाओं को जगह मिली है। रिपोर्ट बताती है कि भारत की सबसे प्रभावशाली महिलाओं की पहचान अब केवल दौलत से नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व, नवाचार, सामाजिक प्रभाव और उपलब्धियों से तय हो रही है। आइए जानते हैं कि इस साल क्या बदला? किन क्षेत्रों में महिलाओं को जगह मिली? इस सूची की टॉप पांच महिलाएं कौन-कौन हैं? इस सूची में कौन-कौन शामिल है? कौन सा शहर सबसे आगे है? सोशल मीडिया पर किसका दबदबा है? भारत की अर्थव्यवस्था में इनका प्रभाव कितना बड़ा है?

## पिछले साल से क्या बदला?

2025 में इस सूची में 97 महिलाएं थीं, जबकि 2026 में यह संख्या बढ़कर 117 हो गई है। इस बार सूची को 9 से बढ़ाकर 12 कैटेगरी में बांटा गया है। सबसे अहम बात यह है कि सूची में शामिल 117 में से 98 महिलाएं (करीब 84%) सेल्फ-मेड हैं, यानी उन्होंने अपनी सफलता विरासत में नहीं पाई, बल्कि अपने दम पर बनाई है। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद के अनुसार, अब भारत में नेतृत्व विरासत से ज्यादा मेहनत और उपलब्धियों के आधार पर तय हो रहा है।

# माइक्रोसॉफ्ट की सुनामी: एक दिन में ₹39 लाख करोड़ जोड़े, एनवीडिया को पछाड़ इस मामले में बनी नंबर-1 कंपनी




माइक्रोसॉफ्ट ने तिमाही नतीजों के बाद एक दिन में 450 अरब डॉलर (करीब 39 लाख करोड़ रुपये) का मार्केट कैप जोड़ा। एज्यूर और एआई कारोबार की दमदार ग्रोथ के दम पर कंपनी ने एकदिनी बढ़त के मामले में एनवीडिया को भी पीछे छोड़ दिया है। माइक्रोसॉफ्ट ने शेयर बाजार के इतिहास में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। कंपनी ने एक ही कारोबारी दिन में अपने बाजार पूंजीकरण में करीब 450 अरब डॉलर (करीब 39 लाख करोड़ रुपये) जोड़ लिए। इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने एआई चिप निर्माता एनवीडिया को एकदिनी बढ़त के मामले में पीछे छोड़ दिया है। तिमाही नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में करीब नौ फीसदी की जोरदार तेजी आई। इस उछाल के पीछे सबसे बड़ी वजह माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड प्लेटफॉर्म एज्यूर का उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन और एआई कारोबार में मजबूत बढ़त रही।

## एआई पर भारी निवेश आखिर रंग लाया

पिछले एक साल से निवेशकों के बीच यह चिंता थी कि माइक्रोसॉफ्ट समेत बड़ी टेक कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जरूरत से ज्यादा खर्च कर रही हैं। कंपनी ने डाटा सेंटर, एआई चिप्स और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर अरबों डॉलर निवेश किए थे। आशंका थी कि इससे मुनाफे पर दबाव पड़ेगा। हालांकि, ताजा तिमाही नतीजों ने इन चिंताओं को काफी हद तक खत्म कर दिया। माइक्रोसॉफ्ट ने दिखाया कि एआई पर किया गया निवेश अब तेजी से कमाई में बदल रहा है और क्लाउड कारोबार को नई रफ्तार दे रहा है।माइक्रोसॉफ्ट के नतीजों ने सिर्फ कंपनी ही नहीं, बल्कि पूरे टेक सेक्टर में एआई निवेश को लेकर भरोसा बढ़ाया है। इससे संकेत मिला है कि एआई सेवाओं की मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है। इसका फायदा आने वाले समय में अमेजन, अल्फाबेट और एनवीडिया जैसी बड़ी टेक कंपनियों को भी मिल सकता है। यह शेयर बाजार के इतिहास में किसी भी कंपनी द्वारा एक दिन में दर्ज की गई सबसे बड़ी मार्केट कैप बढ़ोतरी मानी जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने तिमाही नतीजों के बाद एक दिन में 450 अरब डॉलर (करीब 39 लाख करोड़ रुपये) का मार्केट कैप जोड़ा। एज्यूर और एआई कारोबार की दमदार ग्रोथ के दम पर कंपनी ने एकदिनी बढ़त के मामले में एनवीडिया को भी पीछे छोड़ दिया है।

## एज्यूर बना सबसे बड़ा गेम चेंजर

माइक्रोसॉफ्ट की इस रिकॉर्ड बढ़त में सबसे अहम भूमिका उसके क्लाउड प्लेटफॉर्म एज्यूर की रही। दुनियाभर की कंपनियां एआई सेवाओं और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से खर्च बढ़ा रही हैं, जिसका सीधा फायदा माइक्रोसॉफ्ट को मिला। एज्यूर की आय बाजार के अनुमान से बेहतर रही। इसके साथ ही कंपनी ने चालू तिमाही के लिए भी मजबूत आउटलुक दिया, जिससे निवेशकों का भरोसा और बढ़ गया कि एआई सेवाओं की मांग आगे भी मजबूत बनी रहेगी।माइक्रोसॉफ्ट ने एक ही दिन में जितनी वैल्यू जोड़ी, वह दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम और तुर्की जैसे देशों के पूरे शेयर बाजार के आकार से भी अधिक बताई जा रही है।

# आरबीआई: भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 682.23 अरब डॉलर हुआ, गोल्ड रिजर्व में भी इजाफा

आरबीआई के अनुसार, 24 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.118 अरब डॉलर बढ़कर 682.235 अरब डॉलर हो गया। स्वर्ण भंडार और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में भी वृद्धि दर्ज की गई। लगातार दूसरे सप्ताह बढ़े भंडार से देश की बाहरी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने की क्षमता बढ़ी है।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 24 जुलाई 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) 6.118 अरब डॉलर बढ़कर 682.2354 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे इसके लगातार मजबूत होने का संकेत मिल रहा है। इससे पहले 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.237 अरब डॉलर हो गया था। लगातार दूसरे सप्ताह आई इस बढ़ोतरी से देश की बाहरी आर्थिक स्थिति और मजबूत हुई है।






## स्वर्ण भंडार के नए आंकड़े

आरबीआई के अनुसार, समीक्षा अवधि में स्वर्ण भंडार (गोल्ड रिजर्व) का मूल्य 1.308 अरब डॉलर बढ़कर 103.058 अरब डॉलर हो गया। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 4.873 अरब डॉलर बढ़कर 555.929 अरब डॉलर पर पहुंच गईं। आरबीआई ने बताया कि डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और जापानी येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। हालांकि, इस दौरान स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में 5.3 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 18.617 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के साप्ताहिक सांख्यिकीय पूरक के अनुसार, इस साल की शुरुआत में वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में जो गिरावट आई थी, उससे अब लगातार उबरने का सिलसिला जारी है।उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते रुपए पर दबाव बढ़ा। रुपए की अत्यधिक कमजोरी को नियंत्रित करने को मिली।

# The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का सिलसिला टूटा; सेंसेक्स 569 अंक चढ़ा, निफ्टी 23950 के करीब




सोमवार को शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजार भी अधिकतर बढ़त के साथ खुले। गिफ्ट निफ्टी 0.48 फीसदी बढ़कर 23,942.00 पर रहा। जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.40 फीसदी की वृद्धि के साथ 64,870.00 पर पहुंच गया। हैंग सेंग सूचकांक 0.87 फीसदी बढ़कर 25,183.00 पर बंद हुआ। शंघाई कंपोजिट 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 3,829.39 पर रहा।कुछ एशियाई बाजारों में गिरावट भी दर्ज की गई। ताइवान वेटेड सूचकांक 0.98 फीसदी गिरकर 43,232.88 पर आ गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.50 फीसदी फिसलकर 6,657.15 पर बंद हुआ। पश्चिमी बाजारों में भी मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। डॉव जोन्स फ्यूचर्स 289.60 अंक या 0.56 फीसदी बढ़कर 52,236.85 पर कारोबार कर रहा था।

सोमवार, 27 जुलाई 2026 को भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स और निफ्टी ने ईरान-अमेरिका तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण तेजी से शुरुआत की। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और विश्लेषकों की राय।भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को सप्ताह की शुरुआत तेजी के साथ की। बीएसई सेंसेक्स 549.21 अंक या 0.72 फीसदी बढ़कर 76,608.98 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में 166.85 अंक या 0.70 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। निफ्टी 23,934.30 अंक के स्तर पर पहुंच गया।पीएल कैपिटल के हेड एडवाइजरी विक्रम कासट के अनुसार 1000 करोड़ रुपये से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली 300 से ज्यादा कंपनियों ने नतीजे घोषित किए हैं। इन कंपनियों की आय का रुझान उत्साहजनक बना हुआ है। कासट ने कहा कि उच्च ऊर्जा लागत की चिंताओं के बावजूद मार्जिन में कमी नहीं आई है। राजस्व वृद्धि मध्य-किशोर प्रतिशत में बनी हुई है। कॉर्पोरेट आय में यह मजबूती व्यापक बाजार के स्थिर रहने का मुख्य कारण है। यह मार्च 2026 में देखी गई

# आग में घी डालना बंद करें ऋतिक रोशन पर भड़कीं कंगना रनौत

## बोलीं- आप एक कमिटेड रिलेशनशिप में हैं




Kangana Ranaut Slam Hrithik Roshan: कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट के बाद से ही कंगना रनौत लगतार इससे जुड़े लोगों पर टिप्पणी कर रही हैं। उन पर भी पलटवार हो रहा है। इस मामले में अब ऋतिक रोशन का एक बयान भी चर्चा में आ गया है। जिस पर कंगना रनौत ने भी सोशल मीडिया पर जवाब दिया है। ऋतिक को लताड़ लगाई है। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक रोशन के हालिया बयान पर काफी कुछ लिखा है। उन्हें निशाने पर लेते हुए बेमलतब की बातें ना करने की सलाह दी है। बता दें कि एक दौर था, जब कंगना रनौत ने कहा था कि ऋतिक रोशन उनके एक्स (पूर्व प्रेमी) थे। इस पर ऋतिक रोशन ने बखेड़ा खड़ा कर दिया था। ऋतिक और कंगना के बीच का विवाद उस समय खूब चर्चा में रहा था। कहीं ना कहीं उसी बात को लेकर हाल ही में ऋतिक ने अप्रत्यक्ष रूप से कंगना पर तंज करने की कोशिश की, जिसका जवाब भी उन्हें अभिनेत्री ने अपने ही अंदाज में दे दिया है। कंगना रनौत ने एक खबर का स्क्रिनशॉट लगाया है, जिसमें लिखा है कि दुनिया को ऋतिक रोशन से माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, यह खबर एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की पोस्ट पर किए गए ऋतिक रोशन के कमेंट पर बनाई गई थी। इस पर कंगना ने जवाब दिया, 'डियर ऋतिक मुझे खुशी है कि आपको अपना परफेक्ट मैच मिल गया है, आप और सबा आजाद साथ में बहुत अच्छे लगते हैं। आप एक कमिटेड रिलेशनशिप में हैं और किसी महिला को इस तरह परेशान करना आपको शोभा नहीं देता। इसके बजाय आपको उन सभी लोगों की निंदा करनी चाहिए जो आपके नाम का इस्तेमाल करके मुझे परेशान और बुली कर रहे हैं। आग में घी डालना और अपने पार्टनर को शर्मिंदा करना बंद करें। उम्मीद है कि आपको सही बात समझ आएगी और आप बेमतलब की बातें करना बंद कर देंगे।' बीते दिनों कंगना के बयानों को देखते हुए सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड चल पड़ा, जिसमें कहा गया कि दुनिया को ऋतिक रोशन से माफी मांगनी चाहिए। कई लोगों को लगता है कि कंगना ने पास्ट में ऋतिक रोशन को बेमतलब में परेशान किया। ऐसे में ऋतिक रोशन ने इस माफी मांगने वाली पोस्ट पर कमेंट लिखा था, 'मेरे दोस्त, आपको अब सिर्फ इसलिए 'A' का साथ देना क्योंकि आपको 'B' पसंद नहीं है। यह हमारे समाज की एक बड़ी समस्या का छोटा सा हिस्सा है। मैं सही संदर्भ और तथ्यों पर आधारित बात का इंतजार करूंगा। वही सही होगा।

## Vincent Pastore: 'द सोप्रनोस' फेम अभिनेता विसेंट पास्टोर का निधन 80 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



Vincent Pastore Passes Away: साल 1999 की हिट हॉलीवुड सीरीज 'सोप्रनोस' के अभिनेता विसेंट पास्टोर का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह कई दिनों से किसी के संपर्क में नहीं थे, बाद में विसेंट पास्टोर अपने ही घर में मृत मिले। चर्चित सीरीज 'सोप्रनोस' में अभिनेता विसेंट पास्टोर ने एक गैंगस्टर का रोल किया था, इस किरदार को निभाकर वह हॉलीवुड दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुए। अब यह अभिनेता हमारे बीच नहीं है। 80 साल की उम्र में विसेंट पास्टोर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता विसेंट के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए उनके को-एक्टर रहे माइकल इंपेरिओली ने दी है। साथी कलाकार ने साझा की निधन की जानकारी

अमेरिकी अभिनेता माइकल इंपेरिओली ने रविवार सुबह एक इंस्टाग्राम पोस्ट करते हुए विसेंट पास्टोर के निधन की सूचना दी। वह लिखते हैं, 'हमारे प्यारे दोस्त और साथी विंसेंट पास्टोर का निधन हो गया है। यह हमारे लिए बहुत मुश्किल घड़ी है। ऐसा लगता है जैसे मैं विनी को हमेशा से जानता हूं। हमने साथ में बहुत काम किया और पूरे अमेरिका के साथ-साथ इटली और ऑस्ट्रेलिया की यात्राएं भी कीं। हमने साथ में बहुत अच्छा समय बिताया और खूब हंसी-मजाक किया। विनी एक नेक दिल इंसान और भाई जैसे थे, जो अपने परिवार और दोस्तों का बहुत ख्याल रखते थे। मुझे उनकी हमेशा याद आएगी।' बता दें कि अपने पीछे विसेंट पास्टोर बेटी रेनी पास्टोर को छोड़ गए हैं।

## Friendship Day: सलमान-संजय से लेकर करीना-अमृता तक बॉलीवुड में दी जाती है इन सेलेब्स की दोस्ती की मिसाल




Friendship Day Special: बॉलीवुड में हर दौर में कुछ ऐसे सेलेब्स रहे हैं जिनकी दोस्ती चर्चा में रही है। यह सिलसिला अब भी जारी है। इस खबर में हम आपको बता रहे हैं कि वह कौन से सेलेब्स हैं जिनकी दोस्ती आज भी मशहूर है। आज दो अगस्त को देशभर में फ्रेंडशिप डे मनाया जा रहा है। सभी अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप डे की बधाई दे रहे हैं। दोस्ती की जब भी बात आती है, तो लोग उन लोगों को याद करते हैं जो उनके मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़े रहे। कभी किसी को किसी की कोई अदा पसंद आ गई, तो दोस्ती हो गई है। इसी तरह का मामला फिल्मी दुनिया का भी है। कई ऐसे सेलेब्स हैं, जो एक बार मिले और उनमें दोस्ती हो गई। ये दोस्ती अब भी कायम है। इन सेलेब्स की दोस्ती की मिसाल दी जाती है। बॉलीवुड में जिन सेलेब्स की दोस्ती की मिसाल दी जाती है, उनमें सलमान खान और संजय दत्त की दोस्ती शामिल है। दोनों कलाकारों ने 80 के दशक में डेब्यू किया था। तब से अब तक अभिनय कर रहे हैं। दोनों ने मुश्किल वक्त में एक दूसरे का साथ दिया है। बताया जाता है कि दोनों कलाकारों की मुलाकात फिल्मों में आने से पहले हुई थी। दरअसल सलमान के पिता और मशहूर लेखक सलीम खान ने संजय दत्त की फिल्म 'नाम' की कहानी लिखी थी। इसके चलते सलमान-संजय की मुलाकात हुई। वहीं से दोनों की दोस्ती शुरू हुई। संजय दत्त साल 2016 में एक केस से रिहा हुए थे

## लॉकअप 2' में भूमि पेडनेकर और हुमा कुरैशी बनीं जनता की आवाज कई प्रतियोगियों को जमकर लताड़ा



Show Lock Upp 2 Weekend Episode: 'लॉकअप 2' रियलिटी शो अब अपने फिनाले एपिसोड की तरफ बढ़ रहा है। 'लॉकअप 2' के वीकेंड एपिसोड में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और हुमा कुरैशी जनता की आवाज बनकर में आईं। दोनों ने कई प्रतियोगियों की जमकर क्लास ली। 'लॉकअप 2' के वीकेंड एपिसोड में कुछ बॉलीवुड कलाकार जनता की आवाज बनकर आते हैं, वह प्रतियोगियों को उनके खेल और व्यवहार के बारे में कई बातें बताते हैं। 'लॉकअप 2' के वीकेंड एपिसोड में हुमा कुरैशी और भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। शो के प्रोमो में दोनों प्रतियोगियों को आइना दिखा रही हैं, उनकी गलतियां बता रही हैं। हुमा और भूमि ने किसे क्या कहा?

हुमा कुरैशी और भूमि पेडनेकर ने राम कपूर को कहा कि वह ऐसा खेल रहे हैं, जिससे लग रहा है कि फिनाले में जाना चाहते हैं लेकिन शो जीतना नहीं चाहते हैं। वहीं पामेला को भी खरी-खोटी सुनाई गई। उन्होंने राम कपूर पर गलत इल्जाम लगाया था। इसके अलावा आकांक्षा चौधरी के ईगो प्रॉब्लम को लेकर सवाल हुमा और भूमि ने किए। शो 'लॉकअप 2' की बात करें तो अब इसमें राम कपूर, शिवांगी जोशी, पामेला सेरेना, आकांक्षा चमोला, शिल्पा शिंदे, आकांक्षा चौधरी, राम कपूर, श्रेया कालरा, हर्षद चोपड़ा जैसे सेलेब्स ही बचे हैं।

## Rafi Death Anniversary

### बत्ती गुल हुई तो रौशन हुए 'रफी' दिलीप कुमार संग अभिनय भी किया




Mohammed Rafi 46th Death Anniversary: सुरों के सरताज मोहम्मद रफी की आज 46वीं पुण्यतिथि है। अपने 36 साल के करियर में रफी साहब ने 7 हजार से ज्यादा गाने गाए। देव आनंद से लेकर धर्मेंद्र और दिलीप कुमार से लेकर शम्मी कपूर तक की आवाज बने। आज इस खास मौके पर पढ़ें रफी साहब के जीवन से जुड़े कुछ अनसुने किस्से ऑल-इंडिया एक्जीबिशन में म्यूजिक कंपोजर श्याम सुंदर स्टेज पर उस दशक के सुपरस्टार केएल सहगल साहब को सुनने का इंतजार कर रहे अचानक बिजली चली गई और बड़े भाई के अनुरोध पर एक 13 साल के लड़के को कुछ देर के लिए स्टेज पर गाने की इजाजत मिल गई।

उस अंधेरे में श्याम सुंदर के कानों में एक सुरीली आवाज पड़ी। जब तक बत्ती वापस आती संगीत रौशन हो चुका था। श्याम सुंदर ने देखा एक 13 साल का बच्चा स्टेज पर गाना गा रहा था। श्याम सुंदर की एक नजर ने ही उस बच्चे को आगे चलकर उसके करियर का पहला ब्रेक दिया। वो बच्चा कोई और नहीं, मोहम्मद रफी ही थे आगे चलकर चार दशक के करियर में मोहम्मद रफी ने अपने गानों से संगीत प्रेमियों के कई शौक पूरे किए पर बात करें खुद रफी साहब की तो उन्हें गायकी के अलावा कई और शौक थे। लेखक विनोद विप्लव की किताब 'मेरी आवाज सुनो' में रफी के व्यक्तिगत जीवन के बारे में कई जानकारियां हैं।

## 'तेरा यार हूं'3 इडियट्स' से लेकर 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' तक फिल्मों ने समझाए दोस्ती के मायने




Friendship Day 2026 Special: प्यार के बाद दोस्ती ही है, जो जिंदगी को खूबसूरत बनाती है, इसे जीने लायक बनाती है। आज फ्रेंडशिप डे (2 अगस्त) है। आप इस दिन को अपने दोस्तों के लिए खास बनाना चाहते हैं तो उनके साथ दोस्ती के रिश्ते की अहमियत बताने वाली कुछ फिल्में देख सकते हैं। 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...' फिल्म 'शोले' का यह गीत आज भी एक आइकॉनिक सॉन्ग माना जाता है। दोस्ती की जिंदगी में क्या अहमियत है, क्या मायने हैं, यह गाना और फिल्म दोनों ही अच्छे से समझाती है। इसके अलावा भी कई बॉलीवुड फिल्में हैं, जो दोस्ती के रिश्ते को अलग-अलग ढंग से पेश करती हैं। यहां जानिए, उन चर्चित फिल्मों के बारे में। आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स' को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। साथ ही इस फिल्म ने दोस्ती के मायने भी बखूबी समझाए।

फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए। साथ ही इस रास्ते पर चलते हुए अगर दोस्तों का साथ और प्यार मिले तो जिंदगी और भी खूबसूरत बन जाती है। इस फिल्म को राजकुमार हिरानी ने निर्देशित किया था। जोया अख्तर निर्देशित फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' में भी तीन दोस्त स्पेन घूमने जाते हैं। इस फिल्म में स्पेन की खूबसूरत जगहों को देखा जा सकता है। साथ ही इस जर्नी के दौरान तीनों दोस्त अपनी जिंदगी के लिए भी कुछ गहरे सबक हासिल करते हैं। इनकी दोस्ती भी और गहरी होती है। फिल्म में लीड रोल में ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल नजर आए थे।

# Aaj Ka Rashifal 2 August

## मिथुन समेत इन 4 राशियों के लिए खास रहेगा दिन इन राशि वालों को रहना होगा सतर्क

Rashifal 2 August 2026: ग्रहों की स्थिति कुछ राशियों के लिए प्रगति, धन लाभ और सफलता के संकेत दे सकती है, जबकि कुछ लोगों को धैर्य और सोच-समझकर फैसले लेने की आवश्यकता होगी। आइए जानते हैं कि सभी 12 राशियों के लिए 2 अगस्त का दिन कैसा रहने वाला है। 2 अगस्त 2026 का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस दिन ग्रहों की चाल में बदलाव का प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलेगा। मंगल ग्रह वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जिससे साहस, ऊर्जा और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि हो सकती है। मंगल के इस गोचर से कई लोगों के लिए नए अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। वहीं, सावन मास होने के कारण भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व रहेगा।




### मेष

आज आपका दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। परिवार में छोटे-छोटे मनमुटाव हो सकते हैं, इसलिए समझदारी और धैर्य से काम लें। धन संबंधी मामलों में अजनबियों पर भरोसा करने से बचें। यदि कोई प्रॉपर्टी डील अटकी हुई है, तो उसे फाइनल करने की कोशिश करेंगे, लेकिन माता जी की सेहत पर ध्यान देना आवश्यक रहेगा। आज आप अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को पूरा करने में समय बिताएंगे।

### वृषभ

आज का दिन धन के मामले में अनुकूल रहेगा। किसी उम्मीद के काम में आपको सफलता और धन लाभ दोनों मिल सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें, नहीं तो बाद में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बिजनेस में उठापटक के बावजूद आपको लाभ प्राप्त होगा और परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### मिथुन

आज का दिन मिश्रित अनुभवों से भरा रहेगा। लोगों की पहचान करना जरूरी होगा, क्योंकि कुछ दोस्त आपकी राह में रोड़ा अटका सकते हैं। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखें और भरोसा सोच-समझकर करें। एक साथ कई काम संभालने होंगे। किसी सामाजिक या राजनीतिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा।

### कर्क

आज का दिन अप्रत्याशित लाभ और नई संभावनाएं लेकर आएगा। निर्णय लेने की आपकी क्षमता मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में किसी से बेवजह विवाद न करें, नहीं तो बॉस से डांट पड़ सकती है। बिजनेस में रुकी योजनाएं लाभदायक साबित होंगी। विद्यार्थी पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करेंगे और सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक जीवन में तालमेल बनाकर चलना लाभकारी रहेगा।

### कन्या

आज का दिन थोड़े चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अधूरे कामों को समय से पूरा करने का प्रयास करेंगे। बॉस के साथ मतभेद होने की संभावना है और पुराने निर्णय को लेकर पछतावा हो सकता है। दांत या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए डॉक्टर से परामर्श लाभकारी रहेगा। बिजनेस में पार्टनरशिप की डील फाइनल करने का अवसर मिलेगा।

### सिंह

आज नए संपर्क और अवसर आपके लिए लाभ लेकर आएंगे। भाग-दौड़ और जल्दबाजी से बचें, नहीं तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखने से रिश्तों में स्थिरता आएगी। भाई-बहनों का सहयोग कम रहेगा, लेकिन आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। राजनीतिक या सामाजिक आयोजनों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां मिलने से आपकी स्थिति मजबूत रहेगी।

### तुला

आज आलस्य को दूर करके आगे बढ़ना आवश्यक है। परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। मनोकामना पूरी होने से खुशी का अनुभव होगा। किसी बात को लेकर पिताजी नाराज हो सकते हैं। विवाह संबंधी बाधाएं दूर हो सकती हैं। पुराने अनुभवों से सबक लें और कर्ज को समय पर चुकाने की पूरी कोशिश करें।

### वृश्चिक

आज का दिन नुकसान और सतर्कता का संकेत देता है। जीवनसाथी से बातचीत में सावधानी रखें। वाद-विवाद और समय पर काम न होने से नुकसान हो सकता है। रहन-सहन में सुधार की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी या आयोजन की योजना बनेगी। वाहन चलाते समय सावधानी आवश्यक है।

### धनु

आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। लेन-देन से जुड़ी समस्याएं हल होंगी। कार्यक्षेत्र में जूनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है। खोई हुई प्रिय वस्तु मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन में साथी की बातों पर ध्यान दें और निवेश करते समय सतर्क रहें। मेहनत का फल निश्चित रूप से मिलेगा।

### मकर

आज बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने का दिन है। खर्च और बचत दोनों पर ध्यान देना आवश्यक है। परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। घर में मेहमान का आगमन हो सकता है। जीवनसाथी से चल रहे वाद-विवाद को सुलझाने का प्रयास सफल रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। विदेश से व्यापार करने वालों को खुशखबरी मिल सकती है।

### कुंभ

आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। काम में मुश्किलें आ सकती हैं, इसलिए बिना सोचे-समझे कोई कदम न उठाएं। आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का समय है। बाहर जाने या यात्रा की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में धोखा मिलने की संभावना को नजरअंदाज न करें।

### मीन

आज का दिन सोच-समझकर काम करने का है। सेहत पर ध्यान दें और परिवार में पैतृक संपत्ति के वाद-विवाद सुलझ सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से किए वादे को समय पर पूरा करें। राजनीति में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा, जिससे आपकी छवि निखरेगी। घर में पूजा-पाठ का आयोजन भी होने की संभावना है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## इन 3 राशि वालों को मिलेगा लाइफ पार्टनर जीवन में आएगा बड़ा बदलाव



**Love Rashifal**: Love Rashifal: आज का दिन आपके प्रेम जीवन के लिए कैसा रहेगा ? आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का 30 जुलाई 2026 का लव राशिफल।
Love Rashifal 30 July 2026: 30 जुलाई का दिन कुछ राशियों के लिए खास रहेगा। आपका प्रेम जीवन सुखी रहेगा। जीवनसाथी के लिए उपहार खरीद सकते हैं और आपका आत्मविश्वास भी रिश्तों को लेकर बढ़ता हुआ नजर आएगा। वहीं कुछ लोगों को साथी के साथ अनबन झेलनी पड़ सकती है। आइए आज का 12 राशियों का लव राशिफल जानते हैं।

# Mesh Rashifal

## माह के आखिर में मेष राशि वालों के रिश्तों में हो सकता है तनाव




Mesh Monthly Rashifal August 2026: अगस्त महीने की शुरुआत मेष राशि के जातकों के लिए थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रह सकती है। आइए विस्तार से जानते हैं कि मेष राशि वालों के लिए अगस्त का महीना कैसा रहने वाला है।
Aries Monthly Horoscope August 2026: मेष राशि अग्नि तत्व की ऊर्जावान और नेतृत्व क्षमता वाली राशि मानी जाती है। इस राशि के जातक साहसी, स्पष्टवादी और तेजी से निर्णय लेने वाले होते हैं। हालांकि कई बार जल्दबाजी और आवेग इनके लिए चुनौती भी खड़ी कर सकते हैं। मेष राशि के स्वामी मंगल ग्रह हैं, जो साहस, ऊर्जा, संघर्ष क्षमता और निर्णय शक्ति के कारक माने जाते हैं। आइए विस्तार से जानते हैं कि मेष राशि वालों के लिए अगस्त का महीना कैसा रहने वाला है।
करियर और व्यापार
अगस्त का महीना मेष राशि के जातकों के लिए सामान्य रूप से फलदायी रहने वाला है, लेकिन इस दौरान किसी भी बड़े फैसले को लेने से पहले गहराई से विचार करना बेहद जरूरी होगा।

# August Horoscope 2026

## खुशियों से भरा रहेगा इन 4 राशि वालों के लिए अगस्त करियर में मिलेगी बड़ी सफलता




**August Horoscope 2026:** अगस्त महीना इन चार राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको मनचाहा लाभ मिलने की अधिक संभावनाएं हैं। परिवार में तनाव की स्थितियां दूर होंगी और करियर में भी स्थिरता आएगी।
**August Horoscope 2026:** अगस्त 2026 की शुरुआत कई महत्वपूर्ण ग्रहों के राशि परिवर्तन के साथ होगी। महीने के आरंभ में शुक्र और मंगल अपनी-अपनी राशियां बदलेंगे। इसके अलावा सूर्य भी अपनी स्वराशि सिंह में गोचर करेंगे, जिससे उनका शुभ प्रभाव और अधिक बढ़ेगा। इसके प्रभाव से कई राशियों के लिए उन्नति और सफलता के नए अवसर बनेंगे। इसके अलावा सावन, हरियाली तीज और रक्षाबंधन का पावन संयोग जातकों को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा। हालांकि सभी 12 राशियों पर इसका असर अलग-अलग रहेगा, लेकिन चार राशियों के लिए यह महीना विशेष रूप से शुभ रहने की संभावना है। जातकों को खुशखबरी और करियर में मनचाहे परिणामों की प्राप्ति होगी। आइए इन लकी राशियों के नाम जानते हैं।

**मेष राशि**
मेष राशि के जातकों के लिए अगस्त खुशियां और सफलता लेकर आ सकता है। आय में वृद्धि और धन लाभ के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा और लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। इस माह लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने की संभावना रहेगी। प्रेम जीवन की बात करेंगे, रिश्तों में नयापन आएगा और आप स्वयं को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

**सिंह राशि**
सिंह राशि वालों के लिए यह महीना बेहद शुभ रहेगा। सूर्य का आपकी ही राशि में प्रवेश आत्मविश्वास और सफलता में वृद्धि करेगा। कार्यक्षेत्र में मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं। अधिकारियों का साथ और मेहनत आपको प्रमोशन प्रदान कर सकती है। वहीं पारिवारिक जीवन में भी खुशियों का माहौल बना रहेगा।

# IND vs SL: टीम इंडिया के लिए खुशखबरी! बुमराह पूरी तरह फिट, श्रीलंका के खिलाफ दोनों टेस्ट खेलने की मिली मंजूरी




भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वह 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह बड़ी राहत है।

भारतीय क्रिकेट टीम को श्रीलंका दौरे से पहले बड़ी राहत मिली है। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में अनिवार्य फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। इसके साथ ही वह अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए पूरी तरह फिट घोषित कर दिए गए हैं। बुमराह को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान प्रभाव (इम्पैक्ट) चोट लगी थी। इसी वजह से उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था। हालांकि अब मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है।

**बीसीसीआई अधिकारी ने क्या कहा?**

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'जसप्रीत बुमराह अपनी इम्पैक्ट इंजरी से पूरी तरह उबर चुके हैं। उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा निर्धारित सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह दोनों टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, क्योंकि वह टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं।'

**15 अगस्त से शुरू होगी टेस्ट सीरीज**

भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में होगा।

**WTC फाइनल की दौड़ में अहम होगी यह सीरीज**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) चक्र में भारत के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया को अपने बचे हुए नौ टेस्ट मैचों में से कम से कम सात जीतने होंगे। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीतने का लक्ष्य भारतीय टीम के लिए काफी अहम होगा। इसके बाद भारत को न्यूजीलैंड के कठिन विदेशी दौरे पर भी जाना है।

चोटों से जूझ रही है टीम इंडिया

हालांकि बुमराह की वापसी राहत लेकर आई है, लेकिन भारतीय टीम अभी भी कई चोटों से परेशान है।

- हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हैं।
- नीतीश रेड्डी क्वाड्रिसेप्स चोट से उबर रहे हैं।
- वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग चोट के चलते पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे।
- आकाश दीप पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन के कारण लंबे समय से टीम से बाहर हैं।

ऐसे में बुमराह का फिट होना भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देगा और टीम प्रबंधन के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

WTC फाइनल की दौड़ में अहम होगी यह सीरीज
विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) चक्र में भारत के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया को अपने बचे हुए नौ टेस्ट मैचों में से कम से कम सात जीतने होंगे। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीतने का लक्ष्य भारतीय टीम के लिए काफी अहम होगा।

# Asian Games: क्वार्टर फाइनल से अभियान की शुरुआत करेंगे भारत-पाकिस्तान जानें एशियाड में क्रिकेट का कार्यक्रम



भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना दम दिखाने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम को पाकिस्तान की तरह सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिया गया है। मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष तथा महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है। भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। **सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान**

भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है। एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच एक अक्तूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलयेशिया और ओमान शामिल होंगे। दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारूप में खेली जाएंगी।

श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था। श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल*

# IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके

## रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर

जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।




**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें। आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा। – सम्पादक**

# Ajinkya Rahane Retired: कोहली ने रहाणे को बताया टेस्ट में पसंदीदा बल्लेबाजी साझेदार सचिन ने करियर को सराहा



भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अजिंक्य रहाणे को सराहा है। कोहली ने इस पूर्व भारतीय बल्लेबाज को टेस्ट में अपना पसंदीदा बल्लेबाजी साझेदार बताया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अजिंक्य रहाणे की तारीफ करते हुए उन्हें अपना पसंदीदा टेस्ट बल्लेबाजी साझेदार बताया। वहीं, महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रहाणे के करियर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कभी महत्वपूर्ण पलों का पीछा नहीं किया। भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेले के तीन साल बाद 38 वर्षीय रहाणे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने 2011 से 2023 के बीच भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

कोहली और रहाणे की साझेदारियां

कोहली और राहणे ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए 10 शतकीय और 19 अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। उनकी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 365 रन की रही जिसमें कोहली ने 211 और रहाणे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 188 रन की पारी खेली। कोहली ने एक्स पर लिखा, जिंक्स, शानदार करियर के लिए बधाई। आपने भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार योगदान दिया है और अपनी यात्रा पर गर्व कर सकते हैं। स्लिप में सबसे सुरक्षित खिलाड़ियों में से एक और मेरे पसंदीदा टेस्ट बल्लेबाजी साझेदार। आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब उन्होंने मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में पहली बार इस प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज के साथ बल्लेबाजी की थी। तेंदुलकर ने लिखा, शानदार करियर के लिए बधाई। जब हमने पहली बार मुंबई के लिए साथ बल्लेबाजी की तब मैंने ऐसे खिलाड़ी को देखा जो कभी महत्वपूर्ण पलों का पीछा नहीं करता था। वे पल खुद आपके पास आए क्योंकि आप टीम के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार रहते थे। यही गुण ऑस्ट्रेलिया में आपकी सबसे यादगार उपलब्धि की पहचान बना। आपने दिखाया कि धैर्य आक्रामकता का विपरीत नहीं है, बल्कि अक्सर वही किसी टीम को निडर होकर खेलने का आत्मविश्वास देता है। शानदार करियर के लिए बधाई। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

**R.N.I. No. UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक निर्भय कुमार सेंगर के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर, बी-9, गायत्री भवन, विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776 @gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













